## खबर संक्षेप

### जुन्नारदेव में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन

**जुन्नारदेव।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुशार माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा जी के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा माननीय श्रीमान दीपराज कवड़े जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव जी के नेतृत्व में दिनांक 1 अप्रैल 2024 को न्यायालय परिसर में पौधे रोपण किये गए। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री दीपराज कवड़े, व्यवहार न्यायाधीश श्री वी पी सोलंकी एवं व्यवहार न्यायाधीश श्री राहुल डोंगरे एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सलीमुद्दीन खान, न्यायालयीन कर्मचारियों सहित अधिवक्ताओ द्वारा पौधे रोपित किए गए।

### पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**जुन्नारदेव।** सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री दीपराज कवड़े द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 57/2020 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी बंसीलाल मवासी पिता फगनू उम्र 48 साल निवासी ग्राम कोठी देव नीमढाना थाना जुन्नारदेव ,जिला छिंदवाड़ा को पत्नी श्यामवती की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं ₹, 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 31/8/ 2020 को शराब पीकर अपनी पत्नी श्यामवती के साथ मारपीट कर रहा था प्रार्थी अनीता बाई की समझाने के बाद पति पत्नी घर चले गए थे फिर रात में झगड़ा कर बंसीलाल मवासी ने अपनी पत्नी को गुल्ली फोड़ने के पत्थर से चेहरे पर दोनों आंखों पर सिर पर सीने पर और पसलियों में गंभीर चोट कारित की जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी I प्रार्थी अनीता की सूचना पर पुलिस द्वारा पूछताछ कर प्रकरण लेखबद्ध किए गए ,पीड़िता ने बताया कि उसके चाचा बंसीलाल मवासी द्वारा झगड़ा विवाद करने पर गुस्से में उसकी पत्नी को गुल्ली फोड़ने के पत्थर से मार मार कर हत्या कर दिया था थाना जुन्नारदेव पुलिस द्वारा आरोपी बंशी लाल मवासी के विरुद्ध धारा 302 भा.द.वि. का अपराध क्रमांक 250/2020पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया।

### मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर किया पार्टी में स्वागत, अमरवाड़ा में संपत्तिया उईके व कैलाश विजयवर्गीय के समक्ष कई कांग्रेसी हो सकते है भाजपा में शामिल

# महापौर अहाके और सभापति शर्मा भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से विधायक श्री कमलेश शाह को बेईमान व गद्दार बोलना कमलनाथ के सांसद बेटे और छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को शोभा नहीं देता। आदिवासी भाइयों का अपमान करना कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने जनजातीय समाज को हमेशा वोट बैंक समझा और विकास से उन्हें दूर रखा। कमलनाथ छिंदवाड़ा में एक्सपोज हो चुके हैं। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा का विकास करने की बजाय अपने परिवार का विकास किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा में भी कमल खिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहाके व अन्य कांग्रेस नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहाके, छिंदवाडा नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष श्री सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्री आशीष साहू, पूर्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष श्री धीरज राऊत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्री आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष श्री सुमित दुबे ने भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

#### छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने बहुत गडबड़ की है और नकुलनाथ ने आदिवासी भाइयों का अपमान किया है। गौंड समाज के अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश शाह को बेईमान और गद्दार बोलना नकुलनाथ को शोभा नहीं देता है। इन सब बातों से आहत होकर आज छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

#### छिंदवाड़ा में कमलनाथ एक्सपोज हो गए हैं

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जिन कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है, उनका भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। छिंदवाड़ा के अंदर कमलनाथ एक्सपोज हो गए हैं, आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस कार्यालय से लेकर कमलनाथ आवास तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जिसके कारण भ्रष्टाचारी करप्शननाथ कमलनाथ के प्रति छिंदवाड़ा की जनता एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। छिंदवाड़ा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गरीब कल्याण की योजनाओं का गढ़ है और अब जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा में भी कमल का फूल खिलेगा। अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश शाह के अपमान से आहत होकर छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। छिंदवाड़ा का आदिवासी समाज कांग्रेस को इस अपमान का जवाब देगा और प्रचंड जीत के साथ प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी विजय हासिल करेगी। छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहाके ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी समाज को कभी सम्मान नहीं दिया। जनजातीय समाज को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक समझा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## कमलेश शाह का भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा के विधायक राजा कमलेश शाह द्वारा भोपाल में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में प्रथम आगमन हुआ । जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर ने राजा कमलेश शाह को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया साथ ही भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली सहित सभी उपस्थित पदाधिकारियों, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया । श्री कमलेश शाह जी ने इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी के विजय के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे और भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए समाज के बीच में जाने के लिए, जहां भी जिले में आवश्यकता रहेगी मैं अमरवाड़ा सहित जिले भर में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को जिताने के लिए प्रतिबद्ध हूं और पार्टी हित में कार्य करता रहूंगा । उन्होंने यह भी कहा कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए सम्माननीय नरेन्द्र मोदी जी की केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश की सरकार से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## दमुआ के व्यस्त मार्केट में स्थित बीकानेर मिष्ठान्न में लगी आग

**दमुआ।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात किसी समय मुख्य मार्केट की मिठाइयों की दुकान बीकानेर मिष्ठान्न में अज्ञात कारणों से आग लग गयी ।आगजनी की भयावह घटना में दुकान में रखे मिष्ठान्न सामग्री फ्रिजर्स मिठाईयां रखने वाले वातानुकूलित शो केस समेत सबकुछ, जलकर खाक हो गया। सामान विकराल आग से झुलस कर पूरी तरह बेकार हो गए ।। आग इतनी भीषण थी कि दुकान की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गयी । अंदेशा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब मार्केट पूरी तरह बंद हो चुका था । आंका जा रहा है कि हादसे में दुकान के संचालक मदनसिंह राज पुरोहित को 12 से 15 लाख का नुकसान हुआ होगा ।



## कुंडलीपुरा पुलिस ने किया अंधे क़त्ल का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

ग्राम लकडाई जम्होडी में सीताबाई कुमरे के खेत मे एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर मृतक सतीश टेकाम पिता गिरधारी टेकाम उम्र 31 साल निवासी ग्राम लकड़ाई जम्होड़ी की मृत्यु के संबंध में सूचनाकर्ता मृतक के पिता गिरधारी टेकाम के बताये अनुसार मर्ग क्र. 42/24 कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच पर FSL अधिकारी छिंदवाडा की रिपोर्ट व शार्ट पीएम रिपोर्ट के अवलोकन पर मृतक की मृत्यु अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला घोटकर हत्या करना, प्रथम दृष्टया पाये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 271/24 धारा 302 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन पुलिस अधीक्षक महोदय मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का खुलासा करने हेतु नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में टीम का गठन कर थाना प्रभारी मनोज बघेल व चौकी प्रभारी धरमटेकडी महेन्द्र शाक्य को तत्काल हत्या का खुलसा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए, निर्देशानुसार टीम द्वारा साइबर सेल की मदद से अंधे हत्या का खुलासा किया गया।

**घटनाक्रम :-** मृतक सतीश टेकाम की दो बहने राखी इनवाती व सुरेखा भलावी अपने बच्चों के साथ मायके में ससुराल का घर छोड़कर रहती हैं, जिनका आये दिन मृतक सतीश से विवाद होता रहता, मृतक की सगाई हो चुकी थी शादी होने वाली थी, वह नहीं चाहता था कि ये दोनो बहने मायके में रहे। दिनांक 29.03.2024 के रात्रि करीब 10.00 बजे मृतक सतीश अपने माता पिता से पैसो की मांग करते हुए दोनो बहनों को घर से बाहर निकालने की जिद कर रहा था, इसी बात पर दोनो बहने सुरेखा भलावी व राखी इनवाती से सतीश का झगडा हुआ बाद तीसरी बहन संगीता इनवाती एवं पिता गिरधारी टेकाम ने मिलकर मृतक सतीश को जमीन पर पटक दिया और उसके हाथ पैर पकड़ लिये व सुरेखा भलावी ने रस्सी से सतीश के गले में फंदा लगाकर गला घोट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक सतीश टेकाम का शव घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर सूखे कुंए में चारो लोग मिलकर मृतक के हाथ पैर पकड़कर फेंकने ले जा रहे थे, कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर मृतक का शव रास्ते में ही फेंककर भाग आये।पुलिस ने 01 घटना में प्रयुक्त कपड़े से बनी रस्सी जप्त किया गया।गिरफ्तार आरोपीः-1. सुरेखा पति मंशा भलावी उम्र 30 साल,2. राखी पति कंचलाल उर्फ विक्की इनवाती उम्र 29 साल,. संगीता पति अनिल इनवाती उम्र 28 साल, 34. गिरधारी पिता हुतू टेकाम उम्र 55 साल सभी निवासी लक्डाई जम्होडी थाना कुण्डीपुरा जिला छिंदवाडा उपरोक्त हत्या के आरोपीगणो को पकड़ने वाली पुलिस टीम श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा, थाना प्रभारी कुण्डीपुरा मनोज बघेल, चौकी प्रभारी धरमटेकडी महेन्द्र शाक्य, सउनि संदीप सिंह राजपूत, सउनि. सतीश शर्मा की भूमिका रही।

## सीएम राइज विद्यालय में हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



**सौसर।** शासकीय सी एम राइज विद्यालय सौसर में 1 अप्रैल को कक्षा 9वी 11वीं का स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले,संस्था प्राचार्य शैलजा बत्रा उपप्राचार्य संजय गवनेकर द्वारा इस अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजनकर प्राविण्य सूची के विद्यार्थियों को शील्ड अंकसूची देकर पुरस्कृत किया गया। इस दोरान 10वीं 12वीं मे प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत पुस्तके वितरित कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राचार्य शैलजा बत्रा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9वी का परीक्षा परिणाम 80% तथा 11वीं का 83% रहा जिसमें 9वी में 106 तथा 11वीं में 131 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर अदिति अढाऊ,खुशी सोमकुंवर, विनय वाकोड़े,भावेश लांजेवार,कावेरी शेंडे, हिमांशु सेंद्रे आदि 21 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया,आयोजन में अशोक सोनेकर,अलका गुप्ता,अशोक,सोमकुवर,रामकृष्ण वाकोड़े, देवेंद्र सहारे ,चंद्रशेखर पराड़कर, संजय पड़ोले, शेषराव सिंगपुरे, रीना तुमडाम, चंद्रकांत देशमुख, चारु सेलोटकर, दिनेश्वर गौतम ,कल्पना मानकर ,सुभाष कलंबे,हितेश गणोरकर आदि थे।

## गांवों में जलसंकट उत्पन्न ना हो, अधिकारियों ने बनाई कार्ययोजना

### जनपद सभा कक्ष में हुई अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

वर्तमान में सूरज अपने तीखे तेवर दिखा रहा है वहीं दूसरी और नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी महसूस हो रही है।गर्मी के सीजन में सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई ग्रामों में जल संकट उत्पन्न होता है।ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले जल संकट से निपटने को लेकर जनपद पंचायत सभा कक्ष में अधिकारियों ने बैठक लेते हुए कार्य योजना बनाई है। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम बारी में भू विभाग के एसडीओ सुभाष गाडगे गर्मी के सीजन में जिन ग्राम पंचायत में पानी का संकट उत्पन्न होता है ऐसे ग्रामों में अधिक से अधिक पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत सचिव को निर्देशित किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डुक्करझेला सायखेड़ा एल्कापार में मैं गर्मी के सीजन के दौरान पेयजल संकट उत्पन्न होता है ऐसे पंचायत को चिन्हित करने के भी बैठक में निर्देश दिए गए है। अधिकारियों ने बताया कि विकासखंड में जलसंकट की उतनी खराब स्थिति नहीं है। लेकिन तकनीकी गड़बड़ी एवं में माह के अंतिम सप्ताह में कुछ पंचायत में जलस्तर नीचे चला जाने की समस्या उत्पन्न होती है। जलसंकट को लेकर ग्रामीणों को कोई समस्या ना हो इस उद्देश्य को लेकर अभी से कार्य योजना बनाकर रखनी चाहिए बैठक के दौरान भू उपन्यत्री अनिल बसोड़ ने विभागीय कार्य एवं योजनाओं की जानकारी दी। जनपद पंचायत के समन्वयक सुरेश डोंगरे ने जिन गांवों में संभावित पानी का संकट उत्पन्न हो सकता है।

## सिंगोड़ी की शालाओं में बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**सिंगोड़ीः** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र सिंगोड़ी की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया वहीं ग्राम में पात्र छात्रों का भी सर्वे किया गया।प्रवेश उत्सव में छात्रों ने बहुत ही हर्षोल्लास से भाग लिया एवं छात्रों के लिए मध्यान भोजन भी प्रदाय किया गया साथ ही शिक्षकों ने सभी पलकों से अपील की है की नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो गया है कृपया आप सभी अपने बच्चों को शाला जरूर भेजें। वही जन शिक्षक जय डेहरिया ने केंद्र के सभी स्कूलों के शिक्षकों को नय पलको से चर्चा कर शासकीय स्कूलों में बच्चों को अध्ययन हेतु नामांकन करवाने के लिए प्रेरित करें ऐसा निवेदन किया है।

## आदिवासी नेताओं ने छोड़ी कांग्रेस थामा भाजपा का दामन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

इन दिनों जिले के साथ सौसर क्षेत्र में भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने वाले नेताओं का ताता लगा हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र के कांग्रेस जनप्रतिनिधि नेता भी भाजपा में जाने को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं जोर-जोर के साथ में हो रही है। मंगलवार को लंबे समय कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहने वाले कई कांग्रेस नेताओं के द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सौंसर भाजपा कार्यालय से जारी हुए प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सदस्य सौसर श्रीमती वंदना इवनाती,आदिवासी नेता नामदेव इवनाती,कबर पीपला सरपंच जानराव धुर्वे, सावंगी पूर्व सरपंच जगदीश खंडाडे, बलवत उईके केशवराव मसराम, सुनील देशभरतार, डिगामबर ईवनाती, सुरतराम वरखडे आदि के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की है।

## जुआ सट्टा और रेत कारोबार ने पकड़ा जोर

### चुनाव प्रचार दिख रहा कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

लोकसभा चुनाव का माहौल है । जिसमें सारा प्रशासन लगा हुआ है , किंतु प्रत्याशियों का प्रचार कमजोर दिखाई दे रहा है । इसके उलट क्षेत्र में जुआ सट्टा और रेत का अवैध कारोबार दिनों दिन जोर पकड़ रहा है ।लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के बाद शासन प्रशासन के लोग चुनाव कार्य में व्यस्त हो गए हैं । वहीं चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने प्रचार में लग गए हैं , लेकिन प्रचार कमजोर दिखाई दे रहा है । इसके विपरीत परासिया विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में जुआ सट्टा और रेत का अवैध कारोबार जोर पकड़ता दिखाई दे रहा है । यह अवैध कारोबारी प्रशासन की व्यस्तता का भरपूर फायदा उठा रहे हैं । वे जान रहे हैं कि इस वक्त अधिकारी उन पर ध्यान नहीं देंगे और एकआध किसी की नजर पड़ रही है तो ले देकर मामला सेट हो जा रहा है । जिससे इन अवैध कारोबार करने वालों की हौसले बुलंद है ।

#### पेंच नदी से बेखौफ निकाली जा रही रेत

न्यूटन पेंच नदी पुल के नीचे से बेखौफ रेत निकली जा रही है । रेत निकालने वालों के हौसले इतने बुलंद है , कि दिनदहाड़े इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है , जबकी पल के ऊपर से पूरे समय लोगों की आवाज आई बनी रहती है यहां से अधिकारी भी रात दिन गुजर रहे हैं । रेत निकाल कर परिवहन करने वालों को यह भी मालूम है , कि पुलिस चौकी के समीप एस एस टी पॉइंट लगा हुआ है फिर भी उन्हें किसी बात का डर नहीं है , क्योंकि वे एस एस टी पॉइंट के पहले पुलिस चौकी के बगल से रेत का परिवहन कर रहे हैं ।

#### न्यूटन नंबर 9 में चल रहा सट्टा

अधिकारियों की व्यस्तता का पूरा फायदा उठाते हुए न्यूटन नंबर 9 और आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा चलाया जा रहा है । जिसकी चपेट में युवा और बच्चे बुरी तरह आए हुए हैं । सट्टा चलाने वालों को भलीभांति मालूम है , कि इस समय उन पर कोई ध्यान नहीं देने वाला है । हालांकि खबर यह भी है कि सट्टे वालों के द्वारा अधिकारियों से बराबर साठगांठ बनाकर रखी गई है ।

#### खमराजेठु और रैयतवाड़ी के जंगलों में जम रही हुए की जमघट

चुनावी माहौल का फायदा जुआ खेलने वालों के द्वारा भरपूर उठाया जा रहा है । परासिया क्षेत्र की रैयतवाड़ी और खमराजेठु के जंगलों में रोजाना जुएं की जमघट जम रही है । जिसमें बाहर के खिलाड़ी भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जुआं खिलवाने वाले रोजाना जगह बदल - बदल कर जुआ खिला रहे हैं । जहां लाखों के दांव लग रहे हैं।

### आनन-फानन में बनाने के चक्कर में बिना अनुमति तोड़ डाला पुराना भवन

## अस्पताल परिसर में भवन निर्माण की सामग्री बनी प्रसूता एवं मरीजों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भवन निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य किस विभाग का है। और इसका ठेकेदार कौन है। इसका कहीं उल्लेख नहीं किया गया है। साथ ही इस परिसर में पुराने भवन को भी तोड़ा गया है। जिसके तोड़ने की कोई अनुमति भी नहीं ली गई होगी। क्योंकि आचार संहिता काल में ठेकेदार को उपन्यत्री ने लेआउट देकर आनन फानन में निर्माण कार्य शुरू करवाया। , जो आचार संहिता उल्लंघन की श्रेणी में आता है। लेकिन भवन को तोड़कर गड्ढे खोदकर निर्माण कार्य बंद कर देना। अब स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीज दुर्घटना में घायल एवं सबसे महत्वपूर्ण प्रसूता कक्षा के सामने ठेकेदार ने गड्ढे खोद दिए। एवं अपनी निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिए। जिससे गर्भवती महिलाओं को इस प्रसूता ग्रह में प्रवेश करने की परेशानी को समझा जा सकता है। यदि उन्हें स्टेचर पर ले जाना है। तो कितनी परेशानी इस ठेकेदार एवं विभाग के उप यंत्री के कारण उठानी पड़ रही होगी। यह समझा जा सकता है । इससे भी गंभीर मामला यह है । कि अस्पताल का एक गेट स्वास्थ्य विभाग ने ठेकेदार के लिए बंद करवा दिया जिससे एंबुलेंस से आये मरीज को अंदर तक लाने में कितनी परेशानी होगी। इसका भी अंदाजा लगाया जाना मुश्किल है। इस तरह तामिया स्वास्थ्य केंद्र परिसर में यह निर्माण धीन भवन, का निर्माण कार्य भी कुछ दिनों बाद बंद हो गया। इस तरह इस परिसर में मरीज एवं प्रसूता को होने वाली परेशानी का अतहीन सिलसिला शुरू हो गया है । क्योंकि जब ठेकेदार को काम नहीं करना था। तो निर्माण सामग्री लोहा एवं गड्ढे क्यों खो दिए। यह भी समझ से परे है। वही स्वास्थ्य विभाग के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही भी निर्माणा धीन कार्य में मरीजों को फजीहत के रूप में भुगतान पड़ रही है। जबकि अनुबंध में ऐसा कोई उल्लेख नहीं होगा। कि आपने ठेका लिया है । तो स्वास्थ्य विभाग निर्माण सामग्री के लिए आपको अपने परिसर का उपयोग करने दे। इस पर भी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। क्योंकि ठेकेदार ने निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद कार्य प्रारंभ करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है । इस तरह अब मरीजों प्रसूता एवं घायलों को आने वाले कई वर्षों तक ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा अस्पताल में आने पर परेशानी के रूप में भुगतना पड़ेगा।

### जन अभियान परिषद चला रहा मतदाता जागरूकता अभियान, ग्राम खापाभाट में दीवाल लेखन किया गया

# पीले चावल डालकर घरों घर दे रहे चुनाव में वोट डालने का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मतदान महादान,सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे स्लोगन को सार्थक करने जन अभियान परिषद द्वारा मतदान महाउत्सव चलाया जा रहा है।छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव ने प्रत्येक मतदाता मतदान करने अवश्य मतदान केंद्र में जाए उक्त निवेदन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चलाए जा रहे स्वीप प्लान के अंतर्गत ग्राम खापाभाट में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट नवांकुर संस्थाये,प्रस्फुटन समितिया, परामर्शदाताओं ने जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह जी के निर्देशन में स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ पार्थ जायसवाल जी एवम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन जी के मार्गदर्शन में जिले मे शत प्रतिशत मतदान हो इस हेतु सोमवार को ग्राम खापाभाट में मतदाता जागरूकता रैली, घरों घर पीले चावल डाल कर 19अप्रैल को मतदान करने हेतु मतदान केंद्र में पहुंचने का आग्रह किया जा रहा है ।साथ ही ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के दिन 19 अप्रैल 2024 को शतप्रतिशत मतदान हेतू जन जागरूकता कार्यक्रम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के नेतृत्व में परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमति लता नागले, श्रीमति तृप्ति सिंह, श्री जय प्रकाश सूर्यवंशी, श्री आशीष साहू के साथ छिंदवाड़ा विकास खण्ड के खापाभाट मे जन जागरुकता अभियान चलाया गया ।

चुनाव का पर्व, देश का गर्व रका संदेश देने के लिए खापाभाट मे नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियां, परामर्शदाता, नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति,नवाकुर सिद्ध विनायक समिति,प्रस्फुटन समिति में मैत्री नगर विकास प्रस्फुटन समिति सहित सभी पदाधिकारीयो,सदस्यों ,बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीयो में डाक्टर महेश बंदेबार, कामेश सूर्यवंशी , चितेश डेहरिया , अमित बरखानिया,बबिता बांदेबार, प्रदीप डेहरिया , रितिका बंदेवार , श्रुति यादव ,खुशबु पटवा ,मोनिका धुर्वे , पूजा बैस , मनोज तेलंग , रघुनन्दन शर्मा , रघुवीर तोमर , रितु बोपचे , आशिका रघुवंशी , पारुल सूर्यवंशी, श्रुति चौबे सहित सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने अपना सक्रिय योगदान दिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे जिले में महापर्व की भाती मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे विभिन्न आकर्षक मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता, रैली ,दीवाल लेखन सहित शपथ दिलाई जा रही है।इस अवसर पर परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी ने कहा की इस वर्ष पहली बार मतदान कर रहे नए मतदाताओं को मतदान करने जाते समय कौन कौन से परिचय पत्र मान्य है जिन्हे साथ ले जाना है इस हेतु उन्हे जागरूक किया जा रहा है।साथ ही दिव्यांग जन एवम बुजुर्गगणों को भी मतदान के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है। मेंटर्स लता नागले ने गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।मेंटर्स श्रीमती तृप्ति सिंह एवम आशीष साहू,जय प्रकाश सूर्यवंशी ने मतदाता जागरूकता से प्रेरित नुक्कड़ नाटक के मंचन में मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन किया।

## न्यायाधीश वीणा खलखो के स्थानांतरण पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला न्यायालय मे सेकेंड क्लास न्यायाधीश व किशोर न्याय बोर्ड मे प्रधान न्यायाधीश के पद पर 5.9. 2022 एवं न्याधीश पद पर 31.10 .2020.से नियमित सेवा देने उपरांत वीणा खलखो का स्थानांतरण जिला उमरिया हो गया हे । बिदाई समारोह मे सम्बोधित करते हुए श्रीमती खलखो ने कहा की बोर्ड मे संलग्न के दौरान बोर्ड से सम्बंधित दिये गये समस्त कार्यों को बालको के सर्वोत्तम हित का ध्यान रखते हुए भली भांति निर्वहन किया ,छिंदवाड़ा मेरे लिए एक यादगार पल रहा जंहा मे एक साथ दो पद पर रहकर दोहरी भूमिका निभाना कठिन कार्य था पर सभी के सहयोग से सीखकर हमने सारथक परिणाम दिया ।वही मुझे नया कार्य सीखने का अवसर मिला।आयोजित बिदाई के अवसर पर ए डी पी ओ वंदना यादव ,ने अपने उदबोधन मे कहा की कोई भी कार्य जीवन मे कठिन नही होता व्यक्ति की इच्छा शक्ति ही स्वंय का मनोबल बढ़ाकर हर कार्या को आसान बनाता है।

# पात्र व्यक्तियों को तक नहीं मिल पा रहा पेंशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजना क्यों ना हो पात्र व्यक्तियों को यह महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है सरकार शासन के द्वारा ऐसी अनेक योजनाएं हैं जो की पात्रता के आधार पर उन्हें योजनाओं को का लाभ मिलना चाहिए परंतु पात्र हितग्राही होने के बाद भी उन्हें योजनाओं से दूर रखा गया है ऐसे अनेक लोग हैं जिन्हें योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है योजना से वंचित रखा गया है जबकि सरकार के द्वारा मिलने वाली पेंशन योजना चाहे वृद्धा पेंशन हो या फिर विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि अन्य प्रकार से मिलने वाली पेंशन योजना से लोग वंचित नजर आ रहे हैं यह योजना का लाभ शहरी क्षेत्र में हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र क्यों ना हो समस्त ऐसे पात्र व्यक्तियों को चाहे नगर पंचायत ,नगर पालिका ,नगर निगम क्यों ना हो वहां के मूल निवासी पात्र लोगों को पेंशन का लाभ मिलना चाहिए परंतु अक्सर देखने को मे आ रहा है कि पात्र व्यक्तियों को पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है । निकाय क्षेत्र दमुआ में ऐसे कई लोग है जिनको पेंशन जैसी सरकार की योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है । सुबेती साहू 85 वर्ष दमुआ नंबर 12 और वार्ड क्रमांक 12 की निवासी है जो कि गरीब गरीबी रेखा के तहत अपना जीवन यापन कर रही है ,इसी तरह शिवराज डेहरिया उम्र 62 वर्ष दमुआ नंबर 8 और वार्ड क्रमांक 10 के मूल निवासी है जो मजदूरी मिल जाती है तो काम करते है नहीं तो किसी तरह अपने जीवन यापन कर रहे है ।ऐसे व्यक्ति को ना पेंशन मिल रही है ना गरीबी रेखा योजना का लाभ मिल पा रहा है , इसी तरह महेश चौरसिया जिनकी उम्र 63 वर्ष हो चुकी है चाय की दुकान चलाते हैं और अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं उन्हें भी पेंशन योजना जैसी योजना का लाभ फायदा नहीं मिल पा रहा है। शिवदास नागले दमुआ नंबर 8 वार्ड क्रमांक 10 के मूल निवासी जिन्हें ना पेंशन मिल रही है और ना गरीबी रेखा योजना का कोई फायदा मिल रहा है जब ऐसे लोगों को सरकार की योजना का कोई लाभ नहीं मिलेगा तो किसे मिलेगा इससे आप खुद अंदाजा लगा लीजिए कि सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ पात्र को नहीं अपात्र व्यक्तियों को जरूर प्राप्त हो रहा है और पात्र व्यक्ति अपना अधिकार हक मांगने के लिए दर-दर भटक रहा है और पर उसकी फरियाद सुनने समझने वाला कोई भी नजर नहीं आ रहा है। इस तरह के काम नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र में हो रहे हैं। सही पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



## नवोदय विद्यालय के लिए 6 छात्रों का हुआ चयन

**बिछुआ।** आई. टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा,बिछुआ के 6 छात्र/छात्राओं का नवोदय विद्यालय कक्षा 6 के लिए हुआ चयन।विद्यालय से प्रत्येक वर्ष लगातार विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय की प्रतियोगी परीक्षा में हो रहा हैं, जिसके लिए विद्यालय द्वारा विशेष क्लासेस चलाई जाती हैं। विद्यालय का अपने स्थापन वर्ष 2014 से लगातार अब तक कक्षा 10 वी का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा हैं।स्कूल डायरेक्टर श्रीमती पूजा बोबडे, प्राचार्य श्रीमान ए के पांडे एवम् समस्त स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाए प्रेषित की गई हैं।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कर रहे लोगों को मतदान करने प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ पार्थ जायसवाल एवम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा जिला समन्वयक अखिलेश जैन,विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित समाजकार्य में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के परामर्शदाता समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा ,सुभाष मिनोटे,पंकज राय,संदीप राज ,स्वाति सूर्यवंशी ने विकासखंड तामिया के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान करने की शपथ दिलाई एवम जगह जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान कैसे हो इस पर मंचन कर लोगो को जागरूक किया गया विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे ने मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज की जानकारी प्रदान की जागरूकता कार्यक्रम में सभी नवांकुर संस्थाएं सतपुडांचल जनकल्याण समिति बांगई, ऊषा समाज कल्याण महिला बाल विकास समिति,जय श्री दादा जी समिति नागरी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेकापार, ग्राम प्रस्फुटन समिति बांगई के अध्यक्ष प्रदीप उइके , गौरी शंकर उइके, डा धर्मेंद्र वासनिक, रघुवीर पंड्राम, सेवकराम , विजय सिंह धुर्वे,सुरेंद्र, आसवती उइके, सुष्मिता, दीना, अ नी ता ,दशरथ,ईश्वर,संतकुमार,राजेश, जगन्नाथ प्रेमबती आदि बीएसडब्ल्यू /एमएसडब्ल्यू के छात्र एवं ग्रामीण जन के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रथम बार अपनी आहुति देने वाले नवीन मतदाता उपस्थित थे सभी ने मतदान करने सपथ भी लिए ।

## बच्चों के अच्छे परिणामों के बाद अभिभावकों के मतदान की बारी

**बालाघाट।** शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्रों का रिजल्ट सोमवार को घोषित किया गया। जिसमे कक्षा 9वीं एवं 11वीं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों तथा बेस्ट स्टूडेंट को अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड एवं वर्षभर सर्वाधिक उपस्थिति देने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं किताबें वितरित कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। साथ ही संस्था में उपस्थित पालकों एवं शिक्षक स्टॉफ को संस्था प्राचार्य एवं निर्वाचन मास्टर ट्रेनर श्री सौरभ कुमार शर्मा के द्वारा मतदाता जागरुकता की शपथ दिलवाई गई। अभिभावकों को यह कह कर प्रेरित किया गया कि बच्चों ने परीक्षा के माध्यम से अपने अच्छे परिणाम दिए है। अब बारी आप लोगो की है। जो 19 अप्रैल को मतदान कर परिणाम दे सकते है।

### किस्मत वाले व्यक्ति को मिलता है देश की सेवा करने का मौका : विवेक पटेल

# सेवानिवृत्त जवान गोंडाने का नागरिकों ने पुष्पहार, ढोल नगाड़ों से किया जोरदार स्वागत



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देने वाले वीर जवानों के लिए लोगों के दिलों में कितना प्यार, सत्कार होता हैं, यह तस्वीर वारासिवनी नगर में देखने मिली। जहाँ केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स से सेवानिवृत्त होकर वारासिवनी आए जवान टी आर गोंडाने का स्थानीय दीनदयाल चौक में नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद डी जे की धुन पर देश भक्ति की गीतों के साथ ढोल व नगाड़ों की धुन पर जुलूस निकाला गया और उन्हें उनके वार्ड नं. 1 में स्थित निवास स्थान तक ले जाया गया। जहाँ पर अभिनंदन कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल ने शाल श्रीफल एवं नागरिकों ने पुष्प गुच्छों व पुष्पहार से जवान श्री गोंडाने का घर आगमन पर स्वागत किया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स से सेवानिवृत्त हुए टी आर गोण्डाने ने बताया कि मैंने स्कूल की पढ़ाई करते हुए सोच लिया था, मुझे देश की सेवा करनी हैं। मेरी प्रथम नियुक्ति वर्ष 1988 में अजमेर में हुई थी, फिर वर्ष 1990 में मेरा स्थानांतरण पंजाब में हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में उग्रवादी फल फूल रहे थे। रात के समय वहाँ लाइट भी बंद रहती थी, हमारी फोर्स ने वहाँ उग्रवादियों का सफाया किया। हमारे देश में शौर्य दिवस सीआरपीएफ की वजह से मनाया जाता हैं, एशिया में सबसे बड़ी फोर्स सीआरपीएफ की हैं।

इस अवसर पर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे देश के जांबाज जवान टी आर गोण्डाने जी ने 35 वर्ष देश की सेवा करके अपने घर वापस आये हैं। ये हमारे लिए गर्व की बात हैं। यही एक नौकरी हैं, जिसमें सेवा करते समय और सेवानिवृत्त होने के बाद भी सम्मान मिलता हैं। हमारे देश के लिए आपने जो काम किया हैं, वो हमेशा याद रहेगा। हमारे विधानसभा क्षेत्र के लिए यह सम्मान की बात है कि देश कि सेवा करने वाला ही व्यक्ति फौज में जाता है।

### लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका को लेकर किया विचार विमर्श

# भाजपाईयों ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पंवार मंगल भवन वारासिवनी में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में भाजपा के 3 भूतपूर्व विधायक के डी देशमुख, ओंकार सिंह बिसेन व डॉ. योगेन्द्र निर्मल विशेष रुप से शामिल हुए।

**प्रदीप जायसवाल विरोधी भाजपाई शामिल हुए समारोह में:** इस होली मिलन समारोह के बहाने इन नेताओं ने लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी भूमिका के बारे में भी विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। इस कार्यक्रम में भाजपा के वह नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से निर्दलीय व फिर भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक व तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप जायसवाल का विरोध करते हुए उनके समर्थन में चुनाव प्रचार नहीं किया था और उन पर पार्टी विरोधी होने का ठप्पा लगाया गया था।

**विधानसभा चुनाव में जायसवाल के लिए नहीं किया था काम:** इन नेताओं व कार्यकर्ताओं में से कुछ नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था, लेकिन उन पर आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और वह नेता व कार्यकर्ता जिला स्तरीय भाजपा के कार्यक्रमों में लगातार शिरकत भी कर रहे हैं। लेकिन यह नेता व कार्यकर्ता वारासिवनी में होने वाले भाजपा के किसी भी कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं किए जाते हैं।

**लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका पर किया विचार विमर्श:** अब जबकि लोकसभा चुनाव के नामांकन पत्र जमा करने के साथ चुनाव चिन्हों का भी आवंटन हो चुका हैं और भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशी के रुप में भारती पारधी को चुनाव मैदान में उतारा हैं। तो इन भाजपाईयों ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी-अपनी भूमिकाओं को निर्धारित करने के लिए होली मिलन समारोह के माध्यम से आपसी चर्चा की।

**भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने इन नेताओं से मोबाईल पर की हैं चर्चा:** बताया जाता हैं कि भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी एवं संगठन के कुछ पदाधिकारियों द्वारा मोबाईल के माध्यम से इन वरिष्ठ नेताओं से चुनाव में कार्य करने के संबंध में चर्चा भी की गई थी। जिसको लेकर इन पदाधिकारियों ने इस होली मिलन समारोह की सूचना उन्हें भी भेजी थी और संभावना व्यक्त की जा रही थी कि संभवतः इन नाराज भाजपाईयों से चर्चा कर वह उन्हें चुनाव में भाजपा के पक्ष में कार्य करने के लिए मनाने का प्रयास करेगी। जिससे लोकसभा चुनाव में वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में उनको एक बढ़ी बढ़ता मिल सके और वह विजयश्री हासिल कर सके। लेकिन संभावनाओं के विपरीत लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी इस होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिए नहीं आई।

### विभाग ने रोया रबी फसल के कारण ओव्हरलोड का रोना

# लांजी में बिजली की आंख मिचौनी से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में बिजली की लगातार आंख मिचैली से इन दिनों नगरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की नींद हराम हो गई है। इससे जनपद क्षेत्र लांजी की चरमराई विद्युत व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों की यह भी शिकायत है कि विद्युत विभाग में कर्मचारी फ ोन नही उठाते हैं और वहीं कभी कभी आफि स में फ ोन नहीं लगता। कभी फ ोन लग भी जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारी संतोषजनक उत्तर देने की बजाय जल्द बिजली आएगी कहकर फ ोन काट देते हैं। विभाग की लचर व्यवस्था से लोगों को सही तरीके से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही हैं। विभाग के इस अव्यवस्था से जहां आमजन परेशान है। वहीं, व्यवसायी भी नाराज है। मौसम में उमस होने से यह परेशानी और भी ज्यादा भयावह होने लगी है। बिना पंखे कूलर के उमस भरी गर्मीमें गुजारा नहीं होता। जो लाइट न होने से और गंभीर हो जाती है। बिजली की इस आंख मिचैली से रोजमर्रा की जिंदगी पटरी से उतरने लगी है, लेकिन लगता है बिजली विभाग इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने को गंभीर नहीं है। वहीं अपनी नाकामी को छिपाते हुए रबी फसल का रोना विभाग के अधिकारी रो रहे हैं जो इस समस्या का हल कतई नहीं हो सकता। जबकि रविवार 31 मार्च की देर शाम से बिजली गुल होने का सिलसिला जो चालू हुआ तो वह रात में 1 बजे जाकर थमा और दूसरे दिन दोपहर में भी 2 बजे तक लाईट बंद होने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा।

**कौन सुनेगा, किसको सुनाएं, महीनों से जारी है समस्या:** नगरीय क्षेत्र लांजी और आसपास के ग्रामों में बिजली व्यवस्था लंबे समय से काम चलाऊ हिसाब से चल रही है। चाहें जर्जर झूलते तारों की बात हो या जर्जर ट्रांसफ ार्मरो की इन विषयों पर कभी विभाग संजीदा नजर नहीं आता। सुधार के नाम पर काम चलाऊ मरम्मत की परंपरा के चलते अब लंबे समय तक लाइट की कटौती बड़ी समस्या बन चुकी है। मुश्किल यह है कि कर्मचारी और अधिकारी बिजली की अव्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में लोग यही कह रहे हैं कि कौन सुनेगा किसको सुनाएं वाली कहावत चरितार्थ होती है। ज्ञात हो कि पखवाड़े भर से अधिक समय से हो रही विद्युत कटौती ने नगरवासियों का जीना मुहाल कर रखा है। और वहीं बिजली की बंद होने से नगरवासियों को पानी की भी दिक्कतें होती है। ऐसे में विद्युत विभाग के कर्मचारी व अधिकारी को इस समस्या से लोगों को निजात दिलाएं।

**सुविधा में पीछे, लेकिन बिल लेने में आगे:** बिजली विभाग द्वारा मार्च माह से पहले अपने बकाया राशि की वसूली को लेकर ज्यादा ध्यान देती है। इसके बाद उपभोक्ता की सुविधा को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जनपद क्षेत्र लांजी में करीब 400 से अधिक ट्रांसफ ार्मर लगे हुए है। वहीं बिजली की अवैध कटौती रखरखाव के नाम पर की जा रही है। वहीं सैकड़ों गांव उमस अंधेरे में पड़े है। यहां का रखरखाव नहीं होने के कारण बिजली के बाक्सों में आग लग रही है। लेकिन सुधार की जगह उन्हें पेंडिंग में डाला जा रहा है। जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई है।

### इनका कहना है

वर्तमान में लांजी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों रबी फसल का कार्य जोर-शोर से चालू है जिसकी सिंचाई के लिये बहुत ज्यादा बिजली की आवश्यकता पड़ रही है और ओव्हरलोड के कारण बार-बार लाईट बंद चालू हो रही है। हालांकि इस परेशानी से निपटने के लिये जिला मुख्यालय से विद्युत विभाग की टीम आ चुकी है जिनके द्वारा बार-बार आ रहे फाल्ट को सुधारकर विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

**दुर्गेश चौहान, असि. इंजीनियर**
**विद्युत विभाग लांजी**

### गर्मी की शुरूआत में ही 37 डिग्री पर पहुंचा पारा

# उमस और गर्मी से लोग हलाकान, सूनी हुई सड़कें

हरिभूमि न्यूज लांजी।



गर्मी लगातार लोगों को परेशान कर रही है। पिछले दो तीन दिन से हालात और भी गंभीर बने हुए हैं। सोमवार को भी लोगों को एक बार फि र भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय नगर की सड़कें गर्मी के कारण सूनी नजर आयीं। सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। दिन निकलते ही लोगों के पसीने छूटने शुरू हो गए। लोग दैनिक कार्य निपटाने के लिए घर से बाहर निकले तो तेज धूप के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। दोपहर होते होते गर्मी अपने पूरे चरम पर थी। दोपहर के समय लोग घरों में ही दुबकने पर मजबूर हो गए। वहीं बसों में सवार लोग गर्मी के बीच सफ र करते हुए अधिक परेशान नजर आए। बसों में सवार यात्री पसीने पोंछते नजर आए। गर्मी के कारण बसों में लोगों का बुरा हाल था। शाम 6 बजे तक यही स्थिति जारी रही। तेज धूप व उमस गर्मी के कारण लोगों को चक्कर आना व अन्य समस्या तक झेलनी पड़ी। तेज गर्मी के कारण बर्फ एवं ठंडे पेय पदार्थों की मांग काफी बढ़ गई है। कुल मिलाकर लोगों की बुरी हालत है। यह स्थिति कुछ और दिन जारी रही तो लोग बुरी तरह परेशान हो जाएंगे। वहीं क्षेत्र में रविवार की रात हुई भारी बिजली कटौती ने लोगों को बुरी तरह से हलकान कर दिया। रात को बिजली गुल रहने से लोगों की नींद तक पूरी नहीं हुई। दिन के समय में भी बिजली कई बार गायब रही। ऐसा होने से लोग दिन में भी अच्छे खासे परेशान नजर आए। वहीं जो भी घर से निकले अपने आप को धूप से बचाने केलिये गमछे और स्कार्फ से ढंके नजर आए।

## मौली और अश्मी का नवोदय में हुआ चयन

**कटंगी।** जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी का कक्षा छटवीं के लिए प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा-2024 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है. विकासखंड कटंगी के कटेधरा में संचालित गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल की दो होनहार छात्राओं का इस परीक्षा में चयन हुआ है. स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमती श्वेता बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मौली बघेल और अश्मी हटवार का चयन हुआ है. मौली बघेल ने शानदार अंक हासिल कर जिले की प्रावीण्य सूची में पहला स्थान हासिल किया है. बच्चों के चयनित होने पर इनके माता-पिता में बेहद उत्साह है और वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है. इन छात्राओं ने अपने अथक परिश्रम और शिक्षकां की मेहनत से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है. छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों को दिया है।

# पुलिस के शिकंजे से बाहर सहायक आयुक्त, रखा 10000 का इनाम

**डिंडौरी टीआई जामदार ने बताया कि पिछले एक महीने से उइके को तलाशने कई जगह छापेमारी की जा चुकी है। हाल ही में उइके की तलाश के दौरान साइबर सेल की मदद से एक मोबाइल नम्बर शार्ट लिस्ट किया गया था।**



डिंडौरी पुलिस अधीक्षक ने सिवनी मे पदस्थ रहे सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। पुलिस ने उइके की संपत्ति की कुर्की करने के लिए तहसीलदार को पत्र लिखा है ताकि शासकीय राशि के किए गए गबन की क्षतिपूर्ति की जा सके। डिंडौरी पुलिस की अलग-अलग टीमें पिछले एक महीने से सिवनी, डिंडौरी, भोपाल के अलावा प्रदेश के कई जिलों में दबिश देकर सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके की तलाश कर चुकी है। लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। डिंडौरी पुलिस अधीक्षक ने अमर सिंह उइके की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। इसकी पुष्टि डिंडौरी कोतवाली टीआई अनुराग जामदार ने की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसकी लोकेशन के मुताबिक पुलिस टीम भोपाल भेजी गई थी, लेकिन वहां भी उइके हाथ नहीं आए। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहिनी सिंह ने अमर सिंह उइके की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का ईनाम घोषित किया और कहा कि फरार आरोपी का पता बताने वाले व्यक्ति का नाम, पता गोपनीय रखा जाएगा व 10 हजार का ईनाम दिया जाएगा।
लगातार फरार चल रहे उइके की गिरफ्तारी नहीं हो पाने के कारण डिंडौरी पुलिस भी हैरान है। टीआई ने कहा कि उइके को पकडऩे के लिए जितनी भी संभावित जगह हैं, हर कहीं तलाश चुके हैं, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहे। अब पुलिस ने उइके की संपत्ति की कुर्की करने के लिए तहसीलदार को पत्र लिखा है और कहा कि आगे की कार्रवाई प्रशासन को करनी है। यानि जहां भी जितनी भी संपत्ति उइके के नाम पर है, उसके कुर्की की कार्रवाई करते हुए शासकीय राशि के किए गए गबन की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

### 2.59 लाख रुपए के गबन का आरोप

सिवनी में पदस्थ रहे जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके ने डिंडौरी में पदस्थापना के दौरान वर्ष 2019 से 2021 के बीच छात्रवृत्ति की राशि को कई निजी खातों में डालकर 2.59 लाख रुपए के गबन का आरोप है। जांच के बाद यह खुलासा हुआ तो हडकंप मच गया। तब से अब तक अलग-अलग टीम ने इसकी जांच की है। कोतवाली टीआई अनुराग जामदार ने बताया कि अमर सिंह उइके के विरूद्ध डिंडौरी कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि भोपाल लोकायुक्त ने डिंडौरी कलेक्टर को इस मामले में समन जारी किया था। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर डिंडौरी के सहायक आयुक्त डॉ. संतोष शुक्ला ने सिवनी में पदस्थ सहायक आयुक्त अमरसिंह उइके के विरूद्ध कोतवाली थाना डिंडौरी में प्रकरण दर्ज कराया है। कोतवाली थाना प्रभारी डिंडौरी अनुराग जामदार प्रकरण दर्ज करने के बाद से लगातार तलाश में टीम लेकर जुटे हैं। उधर प्रकरण दर्ज होने की जानकारी होने के बाद से सहायक आयुक्त अमर सिंह मोबाइल बंद करके फरार है।



# द्वादश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष पर आयोजन हिन्दू सेवा परिषद ने निकाली गदा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हिन्दू सेवा परिषद के तत्वाधान रविवार को छिंदवाड़ा चौक पर द्वादश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव वर्ष पर गदा यात्रा निकली गई। हिन्दू धर्म गदा यात्रा नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, बस स्टैंड, नेहरू रोड, दुर्गा चौक से होते हुए छिंदवाड़ा चौक पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि काजल हिंदुस्तानी (गुजरात) का स्वागत हुआ। इसके बाद काजल हिंदुस्तानी ने दीप प्रज्वलित कर सभा को संबिधित किया। प्रथम रामनवमी है। सभी लोग एकत्र होकर रामनवमी मनाएं और पांच को हिन्दू सेवा परिषद में शामिल हो। इसके पूर्व बालसंत नवनीत, किशोरी श्वेता शर्मा, आचार्य ओम दीक्षित की उपस्थित में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। प्रदेश महासचिव धनराज मानाठाकुर, जिला महासचिव पिंकेश विश्कर्मा, दीपक रजक, अजय विश्कर्मा, शिवा तिवारी, नितेश साहू, सुशील सनोड़िया, मनीष वर्मा, मन्नू उइके आदि उपस्थित रहे।

# आज से पड़ेगी भीषण गर्मी आग उगलेगा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अब अप्रेल में गर्मी और सताने वाली है। इस महीने तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा। इधर पिछले तीन दिनों से लगातार रात का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पर ही बना हुआ है। अधिकतम तापमान 37.5 और न्यूनतम 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों से दिन में तापमान में हल्की कमी आने लगी है। इसका कारण यह है कि हरियाणा और पाकिस्तान में बने सर्कुलेशन के चलते ऐसा हुआ है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले 48 घंटे में दिन और रात का तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी।
अब अप्रेल में गर्मी और सताने वाली है। इस महीने तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा। इधर पिछले तीन दिनों से लगातार रात का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पर ही बना हुआ है। अधिकतम तापमान 37.5 और न्यूनतम 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों से दिन में तापमान में हल्की कमी आने लगी है। इसका कारण यह है कि हरियाणा और पाकिस्तान में बने सर्कुलेशन के चलते ऐसा हुआ है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले 48 घंटे में दिन और रात का तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी।

# जिला बदर उलंघन में अवैध पिस्टल सहित दो युवक को पुलिस ने पकड़ा

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु सकिय बदमाशों व जिला बदर उलंघन करने वाले आदतन अपराधियों / बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी के तहत अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु० अधि० पुलिस अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में। थाना लखनादौन क्षेत्र का कुख्यात बदमाश राजा उर्फ इमरान खान पिता वहिद खान उम्र 28 साल निवासी वार्ड नम्बर 03 लखनादौन के विरूद्ध पूर्व से कई अपराध पंजीबद्ध है बदमाश के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय सिवनी द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए सिवनी जिले से बाहर जिला बदर किया गया था। आज दिनांक 01/04/2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लखनादौन में जिला बदर बदमाश अवैध हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है, सूचना पर आयुर्वेदिक अस्पताल लखनादौन के पास घेराबंदी की गई। बदमाश को पकडकर तलाशी लेने पर बांयी तरफ कमर में एक हस्तनिर्मित देशी पिस्टल व मैगजिन में एक जिंदा कारतूस मिला आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 165/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट व 14 म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया ।
**गिरफतार आरोपी** राजा उर्फ इमरान खान पिता वहिद खान उम्र 28 साल निवासी वार्ड नम्बर 03
**जप्ती :-** एक हस्तनिर्मित देशी पिस्टल व मैगजिन में एक जिंदा कारतूस ।
**सराहनीय कार्य**
उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लखनादौन श्री निरीक्षक के.पी. धुर्वे, उपनिरी. डी. एस अडमें, आरक्षक 43 नवनीत पाण्डेय आरक्षक 198 अनिल लोखंडे, आरक्षक 715 धनेश्वर यादव आरक्षक 563 होमेश्वर गायकवाड, म.आर. 85 द्रोपती डेहरिया व चालक आरक्षक 670 प्रकाश उईके, का सराहनीय योगदान रहा।

# 30 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

**जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले किंदरई थाना क्षेत्र के सिंगारपुर ग्राम में घर पर फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकारी के अनुसार रात्रि के समय व्यक्ति घर पर अकेला था और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खोला तो देखा कि लखन पिता भंगी लाल मसराम उम्र 30 वर्ष फांसी के फंदे पर लटक रहा है। घटना की जानकारी किंदरई पुलिस और 108 वाहन में दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व्यक्ति के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की गई। सात ही शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेजा गया है। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं घटना की पुलिस जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया। जिसको लेकर परिजनों से पूछताछ की जा रही है।किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया कि सूचना मिली थी के सिंगारपुर में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। जिसके बाद मृतक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

# सहायक शिक्षक जागेश्वर प्रसाद राने के रिटायर्ड होने पर ग्रामवासियों ने दी भावभीनी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बरघाट विधानसभा के ग्राम काठी के एकीकृत शासकीय उन्नयन माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक परिवार एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में विगत दिवस जागेश्वर प्रसाद राने सहायक शिक्षक की विदाई बड़े ही धूमधाम से मनाई गई छात्र-छात्राओं ने अपने गुरु को तिलक लगाकर आशीर्वाद लेकर स्वास्थ्य ,एवम उज्जवल भविष्य की कामना की !!!कार्यक्रम में परिवार एवं ईस्ट मित्रों की उपस्थिति में राने गुरु जी को भावभीनी विदाई दी गई जानकारी में बताया गया है की राने गुरु जी की प्रथम नियुक्ति 20/9 /1983 को शासकीय प्राथमिक शाला खुरसरा केवलारी ब्लॉक में हुई थी !!जहां पर इन्होंने 3 वर्ष तक सेवा दी इसके पश्चात शासकीय माध्यमिक कन्या शाला अ री में 19/7 /1986 से 18/7/ 2003 तक 17 वर्ष तक शिक्षण कार्य किया। वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला काठी में 19 /7/ 2003 से 31 /3/ 2024 तक 20 वर्ष 6 मा ह अपनी सेवा दी। इनका कुल कार्यकाल 40 वर्ष 6 मा ह 11 दिन में पूरा किया।

### भूतपूर्व छात्र संगठन के तत्वाधान मे हुआ संपन्न

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में भूतपूर्व छात्र संगठन के तत्वाधान में भूतपूर्व छात्राओं का कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती अमिता पटेल के निर्देशन में एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर एस आर नावांगे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्य द्वारा छात्रों को संबोधित कर महाविद्यालय में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया ,डॉक्टर शाहेद खान द्वारा भूतपूर्व छात्राओं से अपने पूर्व अनुभव एवं कौशल द्वारा छात्राओ को अभिप्रेरित करने के लिए कहा गया ,इसके साथ ही डॉक्टर अर्चना चंदेल ,डॉक्टर पी एल सनोडिया एवं श्रीमती कल्पना इंगले द्वारा भी छात्राओं को संबोधित किया गया, भूतपूर्व छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किया एवं महाविद्यालय के विकास क्रम की सराहना की एवं अपना पूर्ण सहयोग निरंतर प्रदान करने की तत्परता दिखाई। कार्यक्रम में ४९ भूतपूर्व छात्राओं की उपस्थिति रही एवं समस्त प्राध्यापकों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सिवनी की जिला बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिवनी में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव जी का आगमन हुआ जिसमें मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल ताशे आतिशबाजी पुष्प माला के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया चुनावी सरगरिमियों के चलते अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का आना भारतीय जनता पार्टी बालाघाट सिवनी लोकसभा को संगठनातमक और मजबूत करना माना जा रहा है चूंकि एक अप्रैल को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की कामकाजी जिला बैठक वृहद रूप में संपन्न हुई

# कक्षा 12वीं उत्तीर्ण एवं अध्यनरत गणित संकाय विद्यार्थियों की HCL कम्पनी द्वारा काउंसलिंग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 02 अप्रैल 2024 को शासकीय मिशन बालक उमावि. सिवनी में -कक्षा 12वीं (गणित संकाय) के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर **HCL TechBee Program** में बनाये अपना कैरियर सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में सीबीएससी/एमपी बोर्ड/अन्य बोर्ड से न्यूनतम 65% अंकों के साथ गणित/व्यासवसायिक गणित में उत्तीर्ण एवं 2024 की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी जो **Technology** में अपना कैरियर बनाना चाहते उनके लिए **TechBee Program** एक **Early Career Program** है। **TechBee Program** में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्रओं को उनकी ट्रेनिंग पूरी हो जाने के बाद **HCL** में फुल-टाइम नौकरी मिलेगी। इस प्रोग्राम के दो भाग है **Classroom Training And Internship** जिसकी कुल अवधिः 6 – 12 महीने होगी। इन्टरर्नशिप के दौरान उम्मीदवारों को रू 10,000 छात्रवृत्ति दी जाएगी। उम्मीदवार **HCL** में नौकरी के दौरान **BITS** पिलानी, **IIT Guwahati**, **IIIT Kottayam** यूनीवर्सिटी से ग्रेजुएशन प्रोग्राम की पढाई पूरी कर सकते है। शिक्षा फीस का आंशिक रूप से **HCL** द्वारा भुगतान किया जा रहा है। ट्रेनिंग और इन्ट्र्नशिप सफलतापूर्वक पूरी करने पर उम्मीदवार रू 2.2 लाख प्रति वर्ष प्रारंभिक वेतन कमाना शुरू करेंगें। नौकरियों में शामिल है – **Software Developer**, **Design Engineer**, **Tech Analyst**, **Data Engineer**, **Support & Process Associate**. जिले के ऐसे विद्यार्थी जिन्हौने सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में कक्षा 12वीं (गणित संकाय) से किसी भी मान्यकता प्राप्त बोर्ड सें उत्तींर्ण की है उन्हेंr **HCL** कम्पनी के प्रोग्राम से अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला कार्यालय द्वारा शेयर ऑनलाईन लिंक के माध्यम से आवेदन करने वाले विद्यार्थी एवं ऐसे विद्यार्थी जिन्हौने ऑनलाईन आवेदन नही किया है, वह भी कार्यशाला में सम्मिलित होकर लाभांवित हो सकेंगें। अतः ऐसे विद्यार्थी जो **HCL TechBee Program** में अपना कैरियर बनाना चाहते है। वह दिनांक 02 अप्रैल 2024 को 12:00 बजे से 4 बजे तक मिशन बालक उमावि सिवनी के हॉल में आयोजित कार्यशाला में सहभागिता करें। **HCL** कम्पनी के क्लस्टर् हेड द्वारा उपस्थिति विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर **HCL** कम्पनी के प्रोग्राम के बारे में जानकारी प्रदान की जावेगी। कार्यशाला में विद्यार्थी योग्यता संबंधी दस्तावेज (आधार कार्ड, १0वी की अंकसूची की छायाप्रति साथ लेकर उपस्थित होगे।जो भी छात्र सत्र 2023-24 की परीक्षा में सम्मिलित हुए है उन्हें १२वी कि अंकसूची लाना आवश्यक नहीं है।

### स्लॉट बुक करा, उपार्जन केन्द्र में फसल करे विक्रय

सिवनी / जिले में रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो आगामी 31 मई तक चलेगा। शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5440/- रूपये प्रति क्विटल, मसूर 6424/- प्रति क्विटल एवं राई-सरसों 5650/- प्रति क्विंटल की दर निर्धारित कर उपार्जन निति अनुसार उपार्जन का कार्य किया जाना है। कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु जिले में 11 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।

### घंसौर में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

घंसौर/ नगर घंसौर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आज 1 अप्रैल से शुभारंभ हुआ ।जिसमें व्यास पीठ से कहा गया कि यह कथा साक्षात श्री कृष्ण की कथा है और राधा जी की आराधना सहज ही श्री कृष्ण का सामीप्य प्रदान करती है ।इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल साहू बुक डिपो के पीछे पुराना बस स्टैंड घंसौर पहुंची ।

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के नतीजे इस बार जल्दी आएंगे

**12: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। अब इसके रिजल्ट को लेकर इंतजार शुरू हो गया है। स्टूडेंट्स और अभिभावक लगातार रिजल्ट की तारीखों लेकर सर्चिंग कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में करीब ढाई लाख बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी है। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि सीबीएसई की 12वीं का रिजल्ट कब आएगा और इसे किस वेबसाइट पर देखा जा सकता है।सीबीएसई बोर्ड की 12वीं का रिजल्ट इस बार जल्दी जारी किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पिछली बार 12 मई को रिजल्ट घोषित किया गया था। इस बार आम चुनाव 2024 के मद्देनजर रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। मई माह के दूसरे सप्ताह में सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। क्योंकि मध्यप्रदेश में होने वाले चार चरणों में से अंतिम चरण का मतदान 7 मई को होगा। इससे पहले 2023 में 12वीं का रिजल्ट 12 मई को जारी हुआ था। 2022 में 17 मई को जारी हुआ था और 2021 की बात करें तो 3 मई को रिजल्ट घोषित हो गया था। बोर्ड ने इस बार चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी रिजल्ट जारी करने की तैयारी की है, क्योंकि मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाती है। फिलहाल मध्यप्रदेश में शिक्षकों को चुनावी प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि इस बार 7 मई के बाद कभी भी रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। हालांकि रिजल्ट की तारीखों को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है।
एक साथ आएंगे ये रिजल्ट
सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के परिणाम मई माह में जारी कर सकता है। इसमें साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स तीनों ही स्ट्रीम के परिणाम एक साथ जारी किए जाएंगे। हालांकि इस बारे में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।
हां देख सकते है अपना रिजल्ट
https://results.cbse.nic.in/
https://cbseresults.nic.in
https://cbse.nic.in

### इस बार जल्द जारी होंगे 12वीं के परिणाम

सीबीएससी बोर्ड ने पिछले साल 2023 की तरह ही इस बार भी रिजल्ट देने की तैयारी की है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा समाप्त होने के अंतिम दिन से करीब 40 दिनों का अंतर रिजल्ट घोषित करने में रखा जाता है। इस बार लोकसभा चुनाव होने के कारण इसे 7 मई के बाद कभी भी जारी कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल 12वीं का रिजल्ट 12 मई को जारी किया गया था। जबकि इससे पहले 2022 में 17 मई को रिजल्ट घोषित किया गया था। बात 2021 की करें तो 12वीं का रिजल्ट 3 मई को घोषित हुआ था। चुनाव की दृष्टि से इस बार माना जा रहा है कि रिजल्ट 7 मई के बाद कभी भी घोषित हो सकता है।

### ऐसे देखें रिजल्ट

0-आधिकारिक वेबसाइट पर जारी होगा रिजल्ट
0-सीबीएससी की वेबसाइट है cbse.gov.in/
0-इस वेबसाइट के होमपेज पर जाने पर आपको लिंक दिखेगी।
0-सीबीएससी 12वीं रिजल्ट पर क्लिक करें।
0-इसके बाद रोल नंबर, जन्म तिथि और स्कूल कोड भरें।
0-जानकारी भरने के बाद आपकी स्क्रीन पर आ जाएंगे नंबर
0-इसका स्क्रीन शॉट् लेकर प्रिंट ले सकते हैं।
0-फाइनल मार्कशीट स्कूल में मिलेगी।

### SMS से भी जान सकते हैं रिजल्ट

बोर्ड ने पिछले साल की तरह इस साल भी मोबाइल से एसएमएस करके भी रिजल्ट पता करने की व्यवस्था की है। छात्र अपने मोबाइल फोन पर एक एसएमएस करने के बाद सभी विषयों के नंबरों को अपने इनबॉक्स में देख सकता है। सीबीएससी बोर्ड जल्द ही एसएमएस के कोड और फोन नंबर जारी करेगा।

### डीजी लॉकर भी है अच्छा ऑप्शन

सीबीएसई का रिजल्ट जानने के लिए डीजी लॉकर भी अच्छा ऑप्शन है। यदि वेबसाइट स्लो चल रही है, एसएमएस काम नहीं कर पा रहा है तो डिजी लॉकर पर भी आप रिजल्ट चेक कर सकते हैं। भारत सरकार की ओर से लॉंच किया गया यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। छात्र डिजी लॉकर में एक अकाउंट बना सकता है जिसमें सीबीएसई मार्कशीट और सर्टिफिकेट को डिजिटल फार्मेट से एक्सेस कर सकते हैं।

### सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का समारोहपूर्वक परीक्षा परिणाम घोषित

सिवनी। नगर की प्रतिष्ठि शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी की स्थानीय कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम वनाचंल सेवा न्यास की अध्यक्षा डां. पुष्पा तेकाम, डां. श्याम सिंह कुमरे आईएएस पूर्व कलेक्टर, डां. पारस पटेरिया, विनीत अग्रवाल जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद, विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सचिव नितिन चौधरी , कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं संस्था के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव की गरिमामय उपस्थिती में घोषित किया गया ।

# आनंद पंचवानी के नेतृत्व में 200 से अधिक कांग्रेसी बीजेपी में समिल्लित हुए



**प्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव जी, मंडला लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते जी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करने घंसौर पहुंचे थे । इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे सहित जिले के जनप्रतिनिधि और भाजपा के पदाधिकारी की गरिमामाय उपस्थिति रही ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी दौरान कांग्रेस पार्टी से हाल ही में भाजपा में समिल्लित हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पंचवानी के नेतृत्व में कांग्रेस के 200 से अधिक कार्यकर्ताओ ने भाजपा की रीति नीतियो से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैं। राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी व्यापारी प्रकोष्ठ जानकारी देते हुए बताया कि नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी आनंद पंजवानी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं वह आम जनता के लिए गौरव का विषय है पूरी दुनिया आज भारत की ओर बड़ी आशा भाषी दृष्टि से देख रही है वहीं कांग्रेस पार्टी में धोखा और परिवारवाद के कारण घुटन महसूस होती है यही कारण है कि आज कांग्रेस पार्टी से बड़ी संख्या में बड़े-बड़े नेता भाजपा में समिल्लित हो रहे हैं आनंद पंजवानी ने कहा कि आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और लोकप्रिय नेता फग्गन सिंह कुलस्ते तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिति में मेरे साथी रहे कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता कांग्रेस को त्याग कर भाजपा परिवार के सदस्य बन रहे हैं इनमें अनेक सरपंच और अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित नेता हैं जिन्होंने वर्षों तक कांग्रेस में कार्य किया है श पंजवानी ने अपने साथियों को भाजपा की और सदस्यता दिलाते हुए उन्हें बेहतर निर्णय के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रम, अफवाहें और साम्प्रदायिक मतभेद फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही, सोशल मीडिया पर धारा-144 रहेगी लागू

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिले में सोशल मीडिया पर दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा-144 लागू की है। इस प्रतिबंधात्मक आदेश एक बाद सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक, जातिगत प्रतिरोध तथा हिंसा की परिस्थितियों में असामाजिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग कर भ्रम फैलाने, अफवाहों को प्रसारित करने तथा जातिगत एवं सामाजिक विद्वेष के लिए प्रेरित करने वालो पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल साइट्स के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम व्हाटसअप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम तथा पोर्टल आदि के माध्यम से वैमनस्यता फैलाने वाली फ़ोटो वीडियो व अन्य सामग्री पोस्ट करना या उस पर प्रतिक्रिया देना या क्रॉस कमेंट या फॉरवर्ड करना प्रतिबंधित किया गया है।

### 4 अप्रैल को एक शाम दिव्यांगों के नाम : मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मतदाताओं को रिझाएंगे मेगा इवेंट

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा व जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अब आगे जिले में मेगा इवेंट आयोजित कर मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए रिझाने के प्रयास किये जायेंगे। इसी श्रेणी में 4 अप्रैल को काली पुतली चौक पर एक शाम दिव्यांगों के नाम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 10 अप्रैल को मेगा बाईक रैली उत्कृष्ट विद्यालय से, 12 अप्रैल को मैराथन रन फ़ॉर वोट मुलना स्टेडियम पर, 15 को मानव श्रृंखला व वृहद रैली उत्कृष्ट विद्यालय से, 16 को ऐतिहासिक स्थलों पर नैतिक मतदान कार्यक्रम और 18 अप्रैल को आओ चले बूथ सजाए कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### व्यवहार न्यायालय ने पौधरोपण कर मनाया 'अप्रैल कूल डे'

**कटंगी।** अप्रैल फूल नहीं... अप्रैल कूल मनाया, जी हां, व्यवहार न्यायालय कटंगी में माननीय न्यायाधीश और अधिवक्ताओं ने आज 1 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया. मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से माननीय न्यायाधीश सुश्री सुधा पाण्डेय और श्रीमती नेहा ठाकुर और अधिवक्ताओं ने पौधे लगाकर अप्रैल कूल की शुरुआत की. ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो. पौधे छांव और ठंडक दे।

## सभी समाज के लोग मेरा परिवार- सम्राट सिंह सरस्वार

# तिरोड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी की मार्यल नगरी तिरोड़ी में आयोजित किया गया. सम्मेलन में बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार और पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व विधायक टामलाल सहारे, जिलाध्यक्ष संजय उइके, सुशील पालीवाल, अनूप सिंह बैस, नीरज हीरावत, नरेश कटारिया, पवन अग्रवाल, आनंद बरमैया, ज्ञानीराम राहंगडाले प्रमुख रूप से शामिल हुए. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी, तिरोड़ी और भौरगढ़ के अध्यक्ष की ओर से इस सम्मेलन का आयोजन करवाया गया था. जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे. गौरतलब हो कि कुछ महीने पहले ही संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बालाघाट की 06 विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने 04 सीटों पर जीत हासिल की. कटंगी और लांजी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा. मगर, इसके बाद भी कांग्रेस में उत्साह बना हुआ है. कांग्रेस अब संसदीय सीट पर चुनाव जीतने की तैयारी में जुटी है. बता दें कि बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने तिरोड़ी और स्वयं के बीच के संबंध को बताया. उन्होंने कहा कि सबसे पहले उनके दादा राणा हनुमान सिंह ने तिरोड़ी में जनता की सेवा की. उन्होंने पूर्व सांसद कचरूलाल जैन, पूर्व विधायक टामलाल सहारे और स्वयं के पिता अशोक सिंह सरस्वार का जिक्र करते हुए कहा कि इन सभी ने कटंगी विधानसभा में विकास के लिए कार्य किया. उन्हें भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर सेवा का मौका दिया है. सरस्वार खानदान ने जिस तरह से अब तक साफ-सुथरी छवि के साथ काम किया है. इसी तरह से सेवा करूंगा. वादा करता हूं कि चुनाव जीतने के बाद तिरोड़ी और कटंगी को अपना हेडक्वाटर बनाऊंगा और आप सभी के करीब रहने की कोशिश करुंगा. सम्राट सिंह सरस्वार ने जनता से कहा कि अभी लोकसभा चुनाव में बीजेपी नुक्कड़ सभाएं लेने आप सभी के बीच आएगी तो बीजेपी से पूछना 31 सौ रुपए धान का समर्थन मूल्य कहा है. 27 सौ का गेहुं कहा है और साढ़े 4 सौ का गैस सिलेण्डर कहा है. बहनों को जो तीन हजार देने का वादा किया था वह तीन हजार कहां है. यह सब सुनकर बीजेपी के लोग नुक्कड़ सभाएं से भाग जाएगें. चुनाव जीतने के बाद केन्द्र से तमाम योजनाओं का लाने का प्रयास किया जाएगा. सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि जब मैं पार्टी से टिकट मांगने के लिए पहुंचा तो मुझसे पूछा गया था कि आपके समाज के कितने लोग है मैंने पार्टी से कहा कि सभी लोग मेरे समाज के है. कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने मेरे इस जवाब को सुनकर मुझे टिकट दिया. मेरे पास जिला पंचायत में कोई भी काम लेकर आता है तो मैं उसकी जाति नहीं पूछता उनका काम करता हुं. हम सभी जाति, धर्म के लोगों का अपना परिवार समझते है।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कार्यकर्ताओं को कहा कि विधानसभा चुनाव में जो कमी रह गई थी उस कमी को इस लोकसभा चुनाव में दूर करना है. कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को बहुमत दिलाकर जिताना है. झूठे वादे बहुत दिनों तक नहीं चलते. भाजपा भगवान राम का नाम लेकर झूठ बोल रही है. पूर्व सांसद ने विधायक गौरव सिंह पारधी को जमकर घेरा. उन्होंने कहा कि कटंगी की जनता को हेलीकाप्टर से गुड़ भिजवाने, अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने का झूठा सपना दिखाया गया. विधायक आज जिस गांव जा रहा वहां के ग्रामीणों से कह रहे कि तुमने मुझे वोट ही नहीं दिया. जबकि हमें हार का सामना करना पड़ा है कि लेकिन राग विधायक राग अलाप रहे है।

## नपा का डीजल घोटाला

# नपाध्यक्ष ने समिति बानाने की मांग, विपक्ष ने कहा - ईओडब्ल्यु करे जांच



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगरपालिका के वाहनो में भरने वाले डीजल को लेकर सीएमओ मॉनिटरिंग में उजागर हुए घोटाले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए है। इस मामले में नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभापतियों ने 1 अप्रैल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें कलेक्टर के मार्गदर्शन में समिति गठित कर जांच की मांग की है।

सत्तापक्ष के साथियों के साथ कलेक्ट्रेटनपाध्यक्ष पहुंची। उन्होंने स्वीकार किया कि डीजल खरीदी में अनियमितता हुई है। इसकी जांच के लिए हमने कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित समिति करने की मागं की है।

दूसरी ओर नपा में विपक्ष कांग्रेस ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यु से कराए जाने की मांग का ज्ञापन दिया है। ताकि पूरे मामले में दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने कहा कि प्रशासनिक समिति की जांच पर भरोसा नहीं है। दबाव में समिति सही जांच नहीं करेगी। यह करोड़ों का घोटाला है, जो लंबे समय से नगरपालिका में किया जा रहा था। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि डीजल के नाम पर जनता के टैक्स में घोटाला किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जांच के लिए पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज को देखा जाए। गाड़ियो के नंबरों का खुलासा किया जाए। घोटाला कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि ने दी सीएमओ को जानकारी देने के बाद उजागर हुआ।

नेता प्रतिपक्ष कारो लिल्हारे ने कहा कि नपाध्यक्ष झूठ बोल रहीं हैं। यदि उन्हें यह नहीं पता कि डीजल का प्रभारी कौन है? कौन पर्ची काटता है? तो उन्हें नैतिकता के आधार स्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा जीरो टालरेंस की बात करती है, दूसरी और सत्ताधारी भाजपा की परिषद में इतना बड़ा घोटाला हो जाता है।

# जिले में अनुसूचित जाति वर्ग महासंपर्क अभियान यात्रा का शुभारंभ, 400 पार के लक्ष्य को लेकर पदाधिकारी करेंगे संपर्क



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 सीटो के लक्ष्य को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में देश के प्रत्येक जिले में अनुसूचित जाति मोर्चा का महासंपर्क अभियान यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में जिले में इस महाजनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ किया गया।

अनुसूचित जाति मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीण मेश्राम ने बताया कि भाजपा के

अबकी बार 400 पार लक्ष्य को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा तैयार के नारे को लेकर भाजपा कार्यालय से अनुसूचित जाति वर्ग महासंपर्क अभियान यात्रा का शुभारंभ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, लोकसभा संयोजक लता अलकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, महामंत्री मौसम हरिनखेडे, नरेंद्र भैरम, पूर्व अध्यक्ष रमेश भटेरे उपस्थित थे।

प्रभारी प्रवीण मेश्राम ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग महासंपर्क अभियान यात्रा प्रभारी शारदा प्रसाद शिव और सह प्रभारी हर्षित रेड्डी एवं धनेश्वर पटेल पूरे जिले का भ्रमण करते हुए समाज के लोगों से मिलकर केन्द्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे और भाजपा की प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीताने के लिए आशीर्वाद मांगेंगे।

## जनता से मांगे वोट और नोट, नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

# बसपा प्रत्याशी कंकर मुंजारे ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी ने वोट दो, नोट दो का नारा दिया है। जहां-जहां सभा हो रही है। वहां-वहां वे जनता से मुद्दों पर बात करने के साथ ही वोट और नोट, दोनों मांग कर रहे हैं।

ऐसा ही एक नजारा बैहर विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र सोनगुड्डा बाजार में देखने को मिला। जहां जनता ने वोट मांगने के साथ उन्हें नोट भी दिया। इस दौरान उनके साथियों ने लगभग 1860 रुपए जमा किया।

रविवार को सोनगुड्डा बाजार में बसपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कंकर मुंजारे जनसंपर्क करने पहुंचे थे। उन्होंने आम जनता और व्यापारियों से मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा तो वहीं नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने नारा दिया कि वोट भी दो और नोट भी दो और भ्रष्टाचारी बेईमानों पर चोट भी दो।

पूर्व सांसद मुंजारे ने गरीब, मजदूर, किसान और आदिवासी प्रताड़ना और उन्हें नक्सली बताकर एनकाउंटर में मारे जाने के विषय पर जनता के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मैं नहीं बल्कि आदिवासी क्षेत्र का गरीब, मजदूर और किसान लड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देती है और वह संसद में पहुंचते हैं, तो जो जनता बोलेगी, वह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी के हालत खस्ता है।

हमारा कहना है कि हम धान का 4 हजार समर्थन मूल्य देने के लिए सांसद बनने के बाद संसद में लड़ेंगे। आज मजदूरों को मनरेगा की मजदूरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि नक्सल के नाम पर डराने का काम किया जा रहा है। झूठे मामले में फंसाया जा रहा है।

### रंगोली, मेहंदी और रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**बालाघाट।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में लांजी सीईओ श्री सफी मोहम्मद कुरैशी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए महिलाओं के माध्यम से हर गांव में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य ग्राम की महिलाएं भी रंगोली, मेहंदी, रैली इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गांव के अन्य मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। .जनपद पंचायत लांजी के ग्राम पंचायत कारंजा के पहल संकुल स्तरीय संगठन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदान जागरूकता की रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए संदेश दिया गया। समूह की दीदियों द्वारा मतदान जागरूकता के लिए मेहंदी लगाकर जागरूक किया।

### चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत व्याख्यान का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में ईएलसी क्लब द्वारा "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" ध्येय का प्रचार प्रसार करते हुये व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें ईएलसी सदस्य श्री विजय तुरकर सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र द्वारा बुजुर्गो एवं दिव्यांगों की वोटिंग सुनिश्चित करने के लिये शासन द्वारा उठाये जा रहे प्रयासों को विस्तार से छात्राओं को बताया गया। ईएलसी प्रभारी डॉ. श्वेता मोर सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र द्वारा छात्राओं को मतदान का महत्व बताया गया तथा अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने की अपील छात्राओं से की गई। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों से लगभग 80 छात्राओं के साथ श्री सचिन्द्र पटलिया सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईएलसी समिति सदस्य सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र श्री विजय तुरकर, श्रीमती मनिका चौबे का विशेष योगदान रहा।

# वन्यजीवों स्थानांतरण: कान्हा नेशनल पार्क से 9 बारासिंघा सतपुड़ा टायगर रिजर्व भेजे गए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सोमवार को कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से सोमवार 9 बारासिंघा को सतपुडा टायगर रिजर्व भेजा गया। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से वन्यजीवों को अन्य रिजर्व क्षेत्र में भेजा जा रहा है। कान्हा से 9 बारासिंघा (2 नर एवं 7 मादा) को 1 अप्रैल को सरही परिक्षेत्र स्थित सौंफ मैदान से सफलता पूर्वक केप्चर कर, सतपुड़ा टायगर रिजर्व रवाना किया गया।

कान्हा प्रबंधन की मानें तो कान्हा में सत्तर के दशक में मात्र 66 बारासिंघा बचे थे। लेकिन कान्हा प्रबंधन के बेहतर संरक्षण के चलते अब कान्हा में इनकी संख्या लगभग 948 तक हो गई है।

यही कारण है कि कान्हा में इनकी संख्या बढ़ाने से पिछले कुछ सालों में कान्हा से बारहसिंघा को भेजा जा रहा है। जिसमें वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में 7 एवं बांधवगढ़ टायगर रिजर्व में 48 मध्य भारतीय हार्ड ग्राउण्ड बारासिंघा को सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया जा चुका है।

वहीं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व में पूर्व में 102 बारहसिंघा भेजे गए थे।इस पूरे केप्चर प्रक्रिया का नेतृत्व सुनील कुमार सिंह, क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा किया गया। केप्चर आपरेशन के दौरान पुनीत गोयल उप संचालक (कोर), डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक एवं उनका रेस्क्यू दल तथा कान्हा टायगर रिजर्व के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।

## सम्मान समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन स्किम पर चर्चा

# मॉयल में 17.56 लाख टन उत्पादन एक ऐतिहासिक उपलब्धि : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अजीत कुमार सक्सेना अपने निदेशक मंडल के सदस्य एम.एम. अब्दुल्ला, निदेशक उत्पादन योजना, सुश्री रश्मि सिंह, निदेशक वाणिज्य, राकेश तुमाने वित्त, श्रीमती उषा सिंह निदेशक मानव संसाधन, प्रशांत करैया, कार्यकारी निदेशक, किशोर चन्द्राकर महाप्रबंधक समूह-एक, ए.वी. मसादे महाप्रबंधक सुरक्षा, व्ही.आर.परिदा वरिष्ठ महाप्रबंधक कार्मिक विभाग, नितीन पागनिश उनके सहयोगी असीम शेख सहित पूरे अधिकारी मंडल की टीम एक दिवसीय मॉयल की सभी खदानों में सौजन्य भेंट हेतु भ्रमण कार्यक्रम पर निकली, जिसके अंतर्गत भरवेली खदान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मॉयल ने वर्ष 2023-24 में उत्पादन का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया और 17.56 लाख टन जो 37 प्रतिशत वृद्धि के साथ मॉयल ने वर्ष 2023-24 में बिक्री के क्षेत्र में भी नये लक्ष्य को प्राप्त किया और 15 लाख टन जो गत वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है इसका लक्ष्य प्राप्त करने पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह, एवं खान प्रबंधक मंयक जैन को इस उपलब्धि पर प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए समस्त कामगार कर्मचारी अधिकारी वर्ग को इस उपलब्धि के लिये बधाई देते हुए कि एक साल पहले जब लक्ष्य निर्धारित किया गया था तब हर किसी का कहना था कि यह कठिन कार्य है शायद हम वहां तक नहीं पहुंच पाये, पर हमने सपना देना और उसे पूरा करने के लिये निरंतर प्रयास किये। उसी कारण है कि आज मॉयल में उत्पादन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। मॉयल परिस्थितियों के अनुकूल निर्णय लेते हुए सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अधिक से अधिक उत्पादन के निर्धारित किये गये लक्ष्य को प्राप्त करते हुए प्रयासरत है। कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने में भी पीछे नहीं है। खदान क्षेत्र के आसपास जो ग्राम पंचायतें है वहां के विकास में भी मॉयल अपना समुचित नियमानुसार योगदान देने में पीछे नहीं है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मापदंड के अनुसार प्रदान की जा रही है उसी तरह पेंशन योजना को लेकर भी मॉयल पूरी तरह अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा उपलब्ध कराने के लिये कृत संकल्प है। इतना ही नहीं भूमिगत खदानों में वेंटिलेशन को लेकर जो समस्याओं की तरफ ध्यान केनद्रित कराया गया है उसका भी शीघ्र समाधान किया जायेगा। इसी तरह से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिये कंपनी ने अपनी सभी खदानों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया है। खेल और खिलाड़ी दोनों को प्रोत्साहित करने स्टेडियम का निर्माण कुछ खदानों में किया जा रहा है, ओपन जिम की सुविधा भी प्रारंभ की जा रही है अभी हाल ही में कंपनी ने नागपुर मे खेलों इंडिया के अंतर्गत दौड, तैराकी इत्यादि स्पर्धा का आयोजन किया।

# फरार वारंटी दो महिलाओं और 1 पुरुष को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशानुसार आचार संहिता के पालन में कई वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में तिरोड़ी पुलिस को सफलता मिल रही है. तिरोड़ी पुलिस ने सोमवार को 02 फरार स्थायी वारंटी महिलाओं और 01 पुरुष को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है. थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया के अनुसार लोकसभा चुनाव के साथ ही आचार संहिता का पालन करते हुए पिछले कई वर्षों से फरार चल रहे 03 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है. जिन्हें माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी में पेश किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार धारा 504, 294, 323, 34 के मामले में फरार चल रही स्थायी वारंटी कोयलारी निवासी मोहिनी धुर्वे और किरण उइके को गिरफ्तार किया गया है. यह दोनों महिलाएं करीब 07 साल से फरार चल रही थी. दोनों गुजरात में थी. पुलिस को जानकारी मिली की अभी हाल में ही यह कोयलारी आई हुई है जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया. तिरोड़ी पुलिस ने महाराष्ट्र के गोबरवाही थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम आष्ठी निवासी विजय उर्फ विज्जु कारसर्पे उम्र 30 साल को भी गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. आरोपी के विरुद्ध धारा 25(3) का मामला पंजीबद्ध है. पुलिस ने तीनों ही स्थायी वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है. आचार संहिता लगने के बाद से तिरोड़ी पुलिस आधा दर्जन से अधिक फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर चुकी है।